

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने किया 'गांधी की अहिंसा दृष्टि' पुस्तक का विमोचन

वर्धा, 28 जनवरी, 2020: केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने प्रो. मनोज कुमार व डॉ. अमित कुमार विश्वास द्वारा लिखित 'गांधी की अहिंसा दृष्टि' पुस्तक का विमोचन किया।










वे महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में गांधीजी की डेढ़ सौवीं जयंती पर दिल्ली से जिनेवा तक जय जगत पदयात्रा के निमित्त 'शांति और न्याय' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि थे। समारोह की अध्यक्षता महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के







कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने की। इस दौरान मंच पर विवि के प्रतिकुलपति प्रो. चंद्रकांत रागीट, गांधीवादी सामाजिक कार्यकर्ता राजगोपाल पीवी, राधा भट्ट, बाल विजय भाई, जिल बहन आदि की गरिमामय उपस्थिति रही। वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली से प्रकाशित 'गांधी की अहिंसा दृष्टि' पुस्तक में गांधीजी की अहिंसा संबंधी समग्र दृष्टि को शामिल किया गया है और साथ ही इसमें भारत सरकार के प्रकाशन विभाग द्वारा प्रकाशित संपूर्ण गांधी वांङ्मय के सौ खंडों में समाहित गांधी की अहिंसा संबंधी विचार को भी स्थान दिया गया है, जो सुधी अध्येताओं के लिए उपयोगी संदर्भ ग्रंथ है। जय जगत पदयात्रा 02 अक्टूबर 2019 को राजघाट (दिल्ली) से शुरू होकर 2 अक्टूबर 2020 को जिनेवा (स्विटजरलैंड) तक जाएगी। पदयात्रा का दो दिवसीय पड़ाव महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में है, जहां देश-विदेश के सैकड़ों गांधीवादी कार्यकर्ता शामिल हैं।